**3.4.1Extension activities are carried out in the neighborhood community, sensitizing students to social issues, for their holistic development, and impact thereof during the last five years.**

## Health Checkup








# Voters Day Awareness










## डिग्री कॉलेज के छात्रों ने किया मतदाता सर्वेक्षण

अमर भारती संवाददाता


**राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन भी विभिन्न गतिविधियां व कार्यक्रम आयोजित**

**बिलासपुरः** राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के पांचवें दिन पंजाबनगर गांव में डिग्री कॉलेज के छात्रों द्वारा मतदाता सर्वेक्षण किया गया। शिविर में विभिन्न गतिविधियां व कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा क्षेत्र के पंजाबनगर गांव में चल रहे सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन शुक्रवार को सवेरे साफ सफाई व वंदना सत्र के पश्चात छात्र छात्राओं की तीन टोलियां बनाई गईं। एक टोली ने रंगोलियां सजाईं, दूसरी ने श्रमदान किया, जबकि तीसरी टोली ने गांव में मतदाता सर्वेक्षण करते हुए आंकड़ें एकत्र किए और ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक भी किया। दोपहर में शिविर स्थल पर आए एसबीआई एडीबी के ब्रांच मैनेजर दीनदयाल ने शिविरार्थियों को बैंकिंग व उपभोक्ताओं के लाभ बताए। कई पुरस्कार प्राप्त क्षेत्र के वरिष्ठ प्राथमिक शिक्षक उमेश राठौर ने लोकतंत्र में वोट की कीमत विषय पर अपने विचार रखे। कॉलेज के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. अवतार दीक्षित ने मतदान दिवस को राष्ट्रीय पर्व बताया। इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. नीत बिहारी लाल ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान ही सही रिजल्ट हो सकता है। शिविर का निर्देशन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवओम शर्मा व डॉ. वंदना राठौर ने किया। इस अवसर पर डॉ. निशा वर्मा, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. आईबी महापात्रा, डॉ. दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ. नीलिमा सिंह, कोमल वैश्य, निकिता शर्मा आदि मौजूद रहे।

पंजाबनगर गांव में मतदाता सर्वेक्षण करते डिग्री कॉलेज के छात्र। अमर भारती

# Road Safety Week

















# Chauri Chaura Kand Week







# Aids Awareness



# World Yoga Day



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर

जनपद–रामपुर (उ0प्र0)

दिनांकः 17.06.2021

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2021 के उपलक्ष में पांच दिवसीय ऑनलाइन योगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

विषयः योग प्रशिक्षण कार्यक्रम। करें योग रहे निरोग।

जनपद रामपुर के सभी सम्मानित कार्यक्रम अधिकारी साथी वह प्रिय स्वयंसेवक स्वयं सेविकाओं कोरोनावायरस के संक्रमण से सुरक्षा हेतु आप सभी की रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से यह योग प्रशिक्षण कार्यक्रम हमारे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के पी सिंह के संरक्षण व कार्यक्रम समन्वयक डा सोमपाल सिंह के दिशा निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है आप सभी से निवेदन है कि 17 जून 2021 से 21 जून 2021 तक प्रतिदिन प्रातः 5:45 से सायं 6:45 बजे तक इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करें।


निवेदक : डॉ शिवओम शर्मा
जिला नोडल अधिकारी ,राष्ट्रीय सेवा योजना ,जिला रामपुर


प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बिलासपुर (रामपुर)
























# Swachta Pakhwada













# Legal Awareness



# Rajarshi Tandon Open University



राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) उ0प्र0

अध्ययन केन्द्र

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

विश्वविद्यालय परिसर, शान्तिपुरम् (सेक्टर–एफ), फाफामऊ इलाहाबाद–211021

gdcbilaspuruprtou@gmail.com

पत्रांक:.................... दिनांक: 25.06.2021

**प्रवेश सम्बन्धी सूचना**

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के अध्ययन केन्द्र राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) पर संचालित पाठ्यक्रमों के सत्र चुलाई 2021 में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अध्ययन केन्द्र पर श्री मनोज कुमार से सम्पर्क कर प्रवेश हेतु पंजीकरण करना सुनिश्चित करें।

डॉ0 नीति बिहारी लाल
केन्द्र समन्वयक



आवेदन कर सकते हैं। संवाद

## तकनीकी और व्यवसायिक शिक्षा के दाखिले शुरु

बिलासपुर। श्री गुरु तेग बहादुर राजकीय स्नाताकोत्तर महाविद्यालय ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के द्वारा तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा बीबीए, एमबीए आदि पाठयक्रमों के लिए प्रवेश शुरू कर दिए हैं। अध्ययन केंद्र संचालक डॉ. नीत बिहारी लाल ने बताया कि पूरक दूरस्थ माध्यम से तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा ग्रहण करने वाले अभ्यर्थी अपना पंजीकरण करा लें। संवाद

# Anti Plastic Programme

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर

जनपद–रामपुर (उ0प्र0)


दिनांक: 15.06.2021

आज दिनांक 15 जून 2021 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर रामपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाक्धान में प्लास्टिक का एकल उपयोग हानिकारक विषय पर एक वेब संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती की वंदना के उपरांत सभी का स्वागत किया गया। संगोष्ठी में विषय प्रस्तावक के रूप में बोलते हुए राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के समाजशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. आई बी महापात्रा ने संबंधित विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस युग को हम प्लास्टिक के युग के रूप में जानते हैं क्योंकि प्लास्टिक हमारे जीवन में काफी हद तक उपयोग में लाया जाता है परंतु प्लास्टिक का एकल उपयोग संपूर्ण पर्यावरण तथा हमारे जीवन को नकारात्मक रूप में प्रभावित कर रहा है चाहे वह जल हो या थल हो। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता हिंदू कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ जी .के .शर्मा ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक क्या होता है सिंगल यूज प्लास्टिक मे हम क्या–क्या चीजें यूज करते हैं प्लास्टिक क्या होता है एवं प्लास्टिक के 'सजमतदंजम के बारे में बताया तथा यह भी बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ेगा इस वेब संगोष्ठी में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर रामपुर के प्राचार्य एवं इस वेब संगोष्ठी के संरक्षक प्रो.(डॉ)आर.पी. यादव सर ने अपने संबोधन में एकल प्लास्टिक के उपयोग से होने वाली हानियों के बारे में बताया तथा छात्र छात्राओं से कहा कि सभी छात्र छात्राएं अपनी ईमेल आईडी से कॉलेज के ईमेल पर अपने सुझाव मेल करें सर्वाधिक मेल करने वाले छात्र–छात्राओं को जुलाई के प्रथम सप्ताह में पुरस्कृत किया जाएगा। तथा निबंध प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र ध्छात्राओं के नाम की घोषणा की जिसमें निबंध प्रतियोगिता में रंगोली तिवारी एमएससी फर्स्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कुमारी प्राझी एमएससी फर्स्ट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा प्रतिभा मौर्या उ.. फाइनल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया क्विज प्रतियोगिता में सोनी मौर्या एमएससी फाइनल राहुल सिंह बीएससी सेकंड ईयर शिवम गंगवार एमएससी ने बराबर अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंत में कार्यक्रम के आयोजन सचिव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर शिवओम शर्मा द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर आई.बी. महापात्र ,डॉ नीलिमा सिंह ,डॉ अब्दुल लतीफ,डॉक्टर निशा वर्मा ,डॉ हेमंत कुमार ,डॉ नीत बिहारी लाल, डॉक्टर अवतार दीक्षित, डॉ वंदना राठौर, डॉक्टर दिव्यांशु कुमार एवं महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय

बिलासपुर (रामपुर)





## प्लास्टिक से होने वाली हानियों पर की चर्चा

बिलासपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से वेब संगोष्ठी हुई, जिसमें प्रचार्य डॉ. आर पी यादव, डॉ. आईबी महापात्रा, डॉ. जीके शर्मा, डॉ. नीलिमा सिंह, डॉ. शिवओम शर्मा, डॉ. अब्दुल लतीफ, डॉ. निशा वर्मा, डॉ. हेमंत सिंह, डॉ. नीत बिहारी लाल आदि ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान आदि पर चर्चा की। इसके बाद वाद छात्र छात्राओं की निबंध प्रतियोगिता भी कराई गई। संवाद

# Tree Plantation



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर
जनपद-रामपुर (उ०प्र०)

पत्रांक: ६३–१०५/2019–20

दिनांक: 22.07.2019

प्रेषक,

प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय, बिलासपुर
रामपुर।

सेवा में,


प्राचार्य,
राजकीय रज़ा पी०जी० महाविद्यालय,
रामपुर।

**विषयः– सत्र 2019–2020 में वृक्षारोपण कराने के सन्दर्भ में।**

सूच्य है कि सत्र 2019–20 में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर को 400 वृक्षों को रोपित करने का लक्ष्य मिला है, आपको सादर अवगत कराना है कि आज दिनांक 22.07.2019 तक महाविद्यालय में 275 पौधों का रोपण किया गया, सूचना सादर प्रेषित है।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बिलासपुर (रामपुर)

भवदीय
पर्यावरण प्रभारी
राजकीय महाविद्यालय
बिलासपुर (रामपुर)








Clip

रामपुर युवा Youth

जल की होगी बर्बादी, तो नहीं होगी आबादी

राजकीय रजा इंटर कालेज से निकाली गई जल संरक्षण जागरूकता रैली

पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाएं

लीक से हटकर करियर विकल्प






# Self Defence Martial Art


















मिशन शक्ति | राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सुरक्षा के लिए बेटियों को किया जा रहा जागरूक

## बचकर रहना, छात्राएं जानती हैं मॉर्शल आर्ट

अमर भारती संवाददाता

**बिलासपुर:** क्षेत्र के कुआंखेड़ा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति के तहत चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को छात्राओं को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दी गई।

कॉलेज परिसर में आयोजित इस ट्रेनिंग के माध्यम से छात्राओं को सिखाया गया कि कैसे वह डर से स्वयं को मुक्त करें और विपरीत परिस्थितियों का डटकर मुकाबला करें। मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी डॉ.नीलिमा सिंह ने कहा कि मार्शल आर्ट के सामान्य तरीकों से भी बड़ी से बड़ी मुसीबत तथा अनचाहे हमलों से बचा जा सकता है। छात्राएं इसका नियमित अभ्यास करें। कॉलेज मे छात्राओं के लिए परामर्श सत्र का भी आयोजन किया गया। इसमें मिशन की सह नोडल अधिकारी डॉ.निशा वर्मा ने छात्राओं के साथ काउंसलिंग की। इसमें नेहा भारद्वाज, लक्ष्मी, सरप्रीत कौर, नीतू, साइबीन जहां आदि शामिल रहीं। इससे पूर्व कॉलेज में एक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें छोटी बच्चियों के साथ समाज में घटित होने वाले अपराधों तथा उनकी रोकथाम के उपायों पर विचार मंथन किया गया। इसमें प्राचार्य प्रो.आरपी यादव ने कहा कि जागरूक छात्राएं अपने सभ्य समाज व परिवार की सहायता से महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। गोष्ठी में प्रो.इंदु भूषण महापात्रा, डॉ.अवतार दीक्षित, डॉ.अब्दुल लतीफ, डॉ.शिवओम शर्मा, डॉ. दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ. हेमंत कुमार आदि ने भी विचार व्यक्त किए। बड़ी संख्या में छात्राएं भी उपस्थित रहीं।

बिलासपुर डिग्री कॉलेज में मार्शल आर्ट सीखती छात्राएं। अमर भारती





...यात नियमों के प्रति किया जागरूक

दढ़ियाल के ग्राम मुवाना में रैली निकालतीं छात्राएं। संवाद

बिलासपुर के पंजाबनगर गांव में एनएसएस के कैंप में भाग लेते शिविरार्थी।



...की ओर से आयोजित किए गए एनएसएस शिविर

बिलासपुर में एनएसएस के कैंप में भाग लेते शिविरार्थी। संवाद

रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति किया जागरूक



आयोजन | मिशन शक्ति के तहत तहसील सभागार व डिग्री कॉलेज कैम्पस में कार्यक्रम रहे जारी

## खुद को कभी कमजोर न समझे नारी : सीडीपीओ

अमर भारती संवाददाता

**बिलासपुर:** शासन के मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को भी स्थानीय तहसील सभागार तथा डिग्री कॉलेज में नारी जागरूकता पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए।

तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी डॉ. राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शासन के मिशन शक्ति अभियान के बारे में विस्तार से बताया गया। एसडीएम ने कहा कि जागरूक नारियां नई पीढ़ी को नए मूल्य प्रदान करेंगी। सीडीपीओ मुदिता तिवारी ने कहा कि स्त्रियां कभी भी स्वयं को कमजोर न समझें, यही सोच उनके आत्म विकास का आधार बनेगी।

कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक नरेन्द्र कुमार, सोमपाल सिंह, रामौतार रस्तोगी, वीआरसी रोहित सक्सेना आदि ने भी जानकारियां दीं। इस दौरान एसडीएम ने आज भी कुछ महिलाओं को विरासतन खतौनियां तथा पट्टे के अभिलेख वितरित किए।

संचालन बृजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर महिला लेखपाल, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां तथा अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। वहीं, कुआंखेड़ा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति की सह नोडल अधिकारी डॉ. निशा वर्मा ने परामर्श सत्र का आयोजन किया। इसमें नेहा भारद्वाज, लक्ष्मी, सरप्रीत कौर, नीतू कुमारी, साइबीन जहां समेत काफी छात्राएं मौजूद रही। छात्राओं को कठिन परिस्थितियों में बचाव के उपाय बताते हुए मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दी गई।

इससे पूर्व बालिका शिक्षा विषय पर आधारित एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. आईबी महापात्र ने बतौर मुख्य वक्ता अपने विचार रखे। अन्य प्राध्यापकों में डॉ. अवतार दीक्षित, डॉ. हेमंत कुमार, डॉ. अब्दुल लतीफ, डॉ. शिवओम शर्मा, डॉ. नीलिमा सिंह, डॉ. डीके सिंह आदि सम्मिलित रहे।

बिलासपुर तहसील सभागार तथा डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति कार्य मों के दृश्य। अमर भारती

# NSS Extension Activity Programme

राष्ट्रीय सेवा योजना - सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रात)
दैनिक कार्य विवरणिका - (सत्र - 2016-2017)

| टोली का नाम | 03.02.2017 | 04.02.2017 | 05.02.2017 | 06.02.2017 | 07.02.2017 | 08.02.2017 | 09.02.2017 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. डॉ० भीमराव अम्बेडकर | शिविर स्थल की साफ-सफाई | गाँव में श्रमदान | भोजन व्यवस्था | शिविर की स्थल साफ सफाई | भोजन व्यवस्था | रक्तदान का महत्व पर चर्चा | रंगोली व्यवस्था |
| 2. चन्द्रशेखर आजाद | भोजन व्यवस्था | शिविर स्थल की साफ-सफाई | रंगोली | भोजन व्यवस्था | शिविर स्थल की साफ-सफाई | रंगोली व्यवस्था | शिविर स्थल की साफ सफाई |
| 3. रानी लक्ष्मी बाई | रंगोली व्यवस्था | ग्रामीण साक्षरता | ग्रामीण सर्वेक्षण | श्रमदान | रंगोली व्यवस्था | टीकाकरण की जानकारी | भोजन व्यवस्था |
| 4. रानी अवन्ती बाई | शिविर स्थल की साफ सफाई | खाना व्यवस्था में सहयोग | श्रमदान | रंगोली शिविर स्थल | मतदाता जागरूकता सर्वेक्षण | गर्भवती महिलाओं को जागरूक करना | रंगोली व्यवस्था |
| 5. कल्पना चावला | शिविर स्थल पर साफ-सफाई | ग्रामीण साक्षरता | ग्रामीण सर्वेक्षण | नारा लेखन | प्राथमिक उपचार टीकाकरण | शिविर स्थल की साफ सफाई | भोजन व्यवस्था |
| 6. इण्डियन टोली | शिविर स्थल पर श्रमदान | नारा लेखन | नारा लेखन | ग्रामीण सर्वेक्षण | सर्व-शिक्षा अभियान की जानकारी | रंगोली व्यवस्था | शिविर स्थल की साफ-सफाई |

प्रतिहस्ताक्षरित

Seen

प्राचार्य
रा०स्ना०महा० बिलासपुर
रामपुर

जगजीवन राम
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
रा०राजीय स्ना. महाविद्यालय
बिलासपुर (रामपुर)

राष्ट्रीय सेवा योजना - सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रात)
दैनिक कार्य विवरणिका सत्र - 2017-18.

| क्र० सं० | टोली का नाम | 15.01.2018 | 16.01.2018 | 17.01.2018 | 18.01.2018 | 19.01.2018 | 20.01.2018 | 21.01.2018 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ए० पी० जे० अब्दुल कलाम | शिविर स्थल की साफ सफाई | नारा लेखन | रंगोली | भोजन व्यवस्था | सर्वेक्षण कार्य | भोजन व्यवस्था | शिविर स्थल की साफ सफाई |
| 2. | लक्ष्मी बाई टोली | भोजन व्यवस्था | ग्रामीण सर्वेक्षण | नारा लेखन | शिविर स्थल की साफ सफाई | शिविर स्थल की साफ सफाई | साक्षरता कार्यक्रम | भोजन व्यवस्था |
| 3. | सरदार भगत सिंह टोली | रंगोली | मतदाता जागरूकता अभियान | श्रमदान | रंगोली | नारा लेखन | भोजन व्यवस्था | साफ सफाई शिविर |
| 4. | कल्पना चावला | भोजन व्यवस्था | शिविर स्थल की साफ सफाई | भोजन व्यवस्था | ग्रामीण सर्वेक्षण | वृक्षारोपण | नारी जागरूकता अभियान | भोजन व्यवस्था |
| 5. | डा० बी० आर० अम्बेडकर | टेन्ट साज-सज्जा | भोजन व्यवस्था | साक्षरता कार्यक्रम | श्रमदान कार्य | भोजन व्यवस्था | नारा लेखन | आगन्तुकों की सेवा करना |
| 6. | महात्मा गाँधी | शिविर स्थल की साफ सफाई | टीकाकरण की जानकारी | सर्वेक्षण कार्यक्रम | नारा लेखन | ग्रामीण जागरूकता | शिविर स्थल की साफ सफाई | पेयजल व्यवस्था |

प्रतिहस्ताक्षरित

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बिलासपुर - रामपुर

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय स्ना. महाविद्यालय
बिलासपुर (रामपुर)

राष्ट्रीय सेवा योजना - सात -
दैनिक कार्य -

| क्र० सं० | टोली का नाम | 15.01.2018 | 16.01.2018 | 17. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ए० पी० जे० अब्दुल कलाम | शिविर स्थल की साफ सफाई | नारालेखन | |
| 2. | लक्ष्मी बाई टोली | भोजन व्यवस्था | ग्रामीण सर्वेक्षण | |
| 3. | सरदार भगत सिंह टोली | रंगोली | मतदाता जागरूकता अभियान | |
| 4. | कल्पना चावला | भोजन व्यवस्था | शिविर स्थल की साफ सफाई | |
| 5. | डा० बी० आर० अम्बेडकर | टेन्ट साज-सज्जा | भोजन व्यवस्था | |
| 6. | महात्मा गाँधी | शिविर स्थल की साफ सफाई | दीवार की जानकारी | |

प्रतिहस्ताक्षरित

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बिलासपुर - रामपुर

द्विदिवसीय विशेष शिविर - (दिन-रात)
(सत्र ⇒ 2018-19)

Page No.
Date: / /201

| 2019 | 19.01.2019 | 20.01.2019 | 21.01.2019 | 22.01.2019 |
|---|---|---|---|---|
| में लेखन | भोजन व्यवस्था | प्राथमिक चिकित्सा पर चर्चा | शिविर स्थल की साफ-सफाई | रंगोली व्यवस्था |
| में दान | शिविर स्थल की साफ-सफाई | पौधा रोपण | गाँव में श्रमदान | भोजन व्यवस्था |
| स्थल साफ-ई | नारा लेखन | रंगोली व्यवस्था | मतदाता जागरूकता पर चर्चा | मंच संचालन |
| ली स्था | नारी शिक्षा पर चर्चा | शिविर स्थल की साफ-सफाई | गाँव में मतदाता जागरूकता, साक्षरता अभियान | मंच सज्जा |
| जन वस्था | रंगोली व्यवस्था | गाँव में प्राथमिक चिकित्सा पर चर्चा | भोजन व्यवस्था | रंगोली व्यवस्था |
| में रता यान | सड़क सुरक्षा पर चर्चा | भोजन व्यवस्था | रंगोली व्यवस्था | शिविर स्थल की साफ-सफाई |

डॉ० शिवओम शर्मा
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
रा० स्ना० महाविद्यालय
बिलासपुर (रामपुर)

राष्ट्रीय सेवा योजना — सात
दैनिक कार्य - विवरणिका

| | टोली का नाम | 16.01.2019 | 17.01.2019 | 18.01. |
|---|---|---|---|---|
| | 1. सरदार भगत सिंह | शिविर स्थल की साफ-सफाई | गाँव में श्रमदान | गाँव नारा |
| | 2. चन्द्रशेखर आजाद | मंच व्यवस्था | शिविर स्थल की साफ-सफाई | गाँव श्रम |
| | 3. अहिल्या बाई | भोजन व्यवस्था | ग्रामीण स्वच्छता जागरूकता | शिविर की सफा |
| | 4. कल्पना चावला | रंगोली व्यवस्था | भोजन व्यवस्था | रंगो व्यव |
| | 5. रानी लक्ष्मी बाई | शिविर स्थल की साफ-सफाई | शिविर स्थल पर नारा लेखन | भो व्य |
| | 6. मदर टेरेसा | जलपान व्यवस्था | रंगोली व्यवस्था | गाँव साक्ष अभि |

प्रतिहस्ताक्षरित

प्राचार्य
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
बिलासपुर (रामपुर)

विशेष शिविर - (दिन-रात)
(सत्र = 2019-20)

P.No.- ANMOL
Dt.-

| .2020 | 26.01.2020 | 27.01.2020 | 28.01.2020 | 29.01.2020 |
|---|---|---|---|---|
| | वृक्षारोपण | भोजन व्यवस्था | सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता रैली | अनुशासन व्यवस्था |
| | गाँव में राष्ट्रीय एकता पर रैली | शिविर स्थल पर साफ-सफाई | भोजन व्यवस्था | मंच सज्जा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु व्यवस्था |
| सेवा | रंगोली व्यवस्था | गाँव में शिक्षा की स्थिति एवं मतदाता सर्वेक्षण | श्रमदान | मंच संचालन |
| | अनुशासन एवं मिष्ठान वितरण व्यवस्था | गाँव में मतदाता जागरूकता रैली | रंगोली व्यवस्था | शिविर स्थल की साफ-सफाई |
| थल ई | भोजन व्यवस्था | रंगोली व्यवस्था | वृक्षारोपण | भोजन व्यवस्था |
| | साफ-सफाई एवं अण्डा वन्दन व्यवस्था | नारा लेखन | शिविर स्थल की साफ-सफाई | रंगोली व्यवस्था |

डॉ० शिवओम शर्मा
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना

**सेवा** **समर्पण** **संकल्प**

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## बिलासपुर (रामपुर)

## राष्ट्रीय सेवा योजना

मान्यवर,

अत्यन्त हर्ष के साथ आपको सूचित किया जाता है कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाविद्यालय की *'राष्ट्री सेवा योजना'* की इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रात)

## "कौशल विकास हेतु युवा"

का आयोजन दिनाँक 23/01/2020 से 29/01/2020 तक ग्राम खौंदलपुर, तह. बिलासपुर जनपद रामपुर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन दिनांक 23/01/2020 को पूर्वाह्न 11:00 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0पी0यादव0 के कर-कमलों द्वारा होगा।

अतः आप से निवेदन है कि उक्त अवसर पर उपस्थित होकर शिविरार्थियों, ग्रामीणजनों एवं आयोजकों का उत्साहवर्धन कर अनुग्रहीत करें।

विनीत

**प्रो0 (डॉ0) आर0पी0यादव**
प्राचार्य/संरक्षक
मो0 9412486594

**डॉ0 शिवओम शर्मा**
कार्यक्रम अधिकारी (रा.से.यो.)
मो0 9412528331

---

E-mail:gdcbilaspur2011@gmail.com www.governmentdegreecollegebilaspurrampurup.com

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर

जनपद-रामपुर (उ0प्र0)

पत्रांकः 348 / 2020–21 दिनांकः 30.01.2021

सेवा में,

समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना
महात्मा ज्योतिबाफुल रूहेलखण्ड
विश्वविद्यालय, बरेली।

विषयः– राष्ट्रीय सेवा योजना बिलासपुर इकाई (दो यूनिट) के चार सामान्य शिविर एवं सात दिवसीय विशेष शिविर लगाने हेतु अनुमति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर, रामपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाई (छात्र इकाई एवं छात्रा इकाई) संचालित हो रही हैं। जिसके चार एक दिवसीय सामान्य शिविर एवं सात दिवसीय विशेष शिविर लगाने हेतु विश्वविद्यालय से प्राप्त प्रारूप भरकर आपकी सेवा में सादर प्रेषित हैं। अतः शिविर लगाने की अनुमति प्रदान करने की कृपा करें।

धन्यवाद।

संलग्नकः–

1– एक दिवसीय (छात्र इकाई का प्रारूप)
2– सात दिवसीय (छात्र इकाई का प्रारूप)
3– एक दिवसीय (छात्रा इकाई का प्रारूप)
4– सात दिवसीय (छात्रा इकाई का प्रारूप)

भवदीय,

प्रो0 (डॉ0 आर0पी0 यादव)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
बिलासपुर–रामपुर।

Principal
Govt. P.G. College
Bilaspur (Rampur)


---

## वोद्धिक गोष्ठी कार्यक्रम विवरण विशेष शिविर (दिन-रात)

| दिनांक/दिन/समय | कार्यक्रम विवरण | सम्मानित प्रतिनिधि एवं अतिथिगण |
|---|---|---|
| 23/01/2020<br>गुरूवार<br>पूर्वाह्न 11:00 बजे | सौहार्द एवं कौमी एकता दिवस<br>(मुख्य अतिथि द्वारा शिविर का उद्घाटन) | *प्रो0 (डॉ0) आर0पी0 यादव*<br>(प्राचार्य) |
| 24/01/2020<br>शुक्रवार<br>अपराह्न 02:00 बजे | प्राथमिक चिकित्सा<br>होम्यो. चिकित्सा<br>एवं मनो विज्ञान | *डॉ0 के.बी. सिंह*<br>पू.प्रा. चिकित्साधिकारी, बिलासपुर<br>*प्रो0 आई.बी.महापात्र*<br>एसो0 प्राध्यापक (समाज शास्त्र)<br>*डॉ0 वन्दना राठौर*<br>सहा0 प्राध्यापक (जन्तु विज्ञान) |
| 25/01/2020<br>शनिवार<br>अपराह्न 02:00 बजे | कौशल विकास हेतु युवा<br>एवं समाज सेवा में युवाओं का योगदान<br>स्वच्छता अभियान | *डॉ0 पी0 के0 गर्ग*<br>एसो0प्राध्यापक-वाणिज्य<br>*डॉ0 नीत बिहारी लाल*<br>सहा0 प्राध्यापक (इतिहास) |
| 26/01/2020<br>रविवार<br>अपराह्न 02:00 बजे | दैनिक जीवन एवं सम्मान<br>सूचना सम्प्रेषण तकनीकी<br>एवं पर्यावरण सुरक्षा<br>(अंधविश्वासों की वैज्ञानिक व्याख्या, जल संरक्षण एवं आपदा प्रबन्धन) | *डॉ0 निशा वर्मा*<br>सहा0 प्राध्यापक-वनस्पति विज्ञान<br>*डॉ0 अवतार दीक्षित*<br>सहा0 प्राध्यापक-वणिज्य |
| 27/01/2020<br>सोमवार<br>अपराह्न 02:00 बजे | मतदाता जागरूकता<br>एवं<br>साक्षरता अभियान | *डॉ0 अब्दुल लतीफ*<br>सहा0 प्राध्यापक-हिन्दी<br>*डॉ0 हेमंत कुमार*<br>सहा0 प्राध्यापक (गणित)<br>*डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह*<br>सहा0 प्राध्यापक-भौतिक विज्ञान |
| 28/01/2020<br>मंगलवार<br>अपराह्न 02:00 बजे | नारी शिक्षा एवं सम्मान<br>तथा सड़क सुरक्षा<br>(भारतीय संविधान एवं हमारे कर्तव्य) | *डॉ0 नीलिमा सिंह*<br>सहा0 प्राध्यापक-शारी.शि.एवं खेल-कूद<br>*डॉ0 निशा वर्मा*<br>सहा0 प्राध्यापक-वनस्पति विज्ञान |
| 29/01/2020<br>बुद्धवार<br>अपराह्न 02:00 बजे | संकल्प दिवस<br>(शिविर समापन) | *प्रो0 (डॉ0) आर0पी0यादव*<br>प्राचार्य<br>राज0 स्ना0 महाविद्यालय<br>बिलासपुर (रामपुर) |

*विशेष : शैक्षिक संगोष्ठी, रात्रि 8:00 बजे से 9:00 बजे तक*

# Fit India Awareness Programme



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर

जनपद-रामपुर (उ0प्र0)

दिनांक: 20.11.2018

**प्रेस–विज्ञप्ति**

सेवा में,

सम्पादक महोदय,

दैनिक अ०उ०।

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में "आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत "योगाभ्यास एवं खेलकूद के प्रोत्साहन हेतु" विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें योग एवं क्रीड़ा के जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव पर वाद–विवाद, निबंध प्रतियोगिता योग शिविर, क्रिकेट, टेबिल–टेनिस वालीबॉल एवं बास्केटबॉल प्रतियोगितायें आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 एम0ए0 गौरी द्वारा किया गया। आयोजन श्रीमती नीलिमा सिंह ने किया। निर्णायक की भूमिका में सभी प्राध्यापकों का सक्रिय सहयोग रहा। महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा समस्त कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की गयी।

भवदीय,

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर

रामपुर।

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर - रामपुर



**Fit India Movement**

दिनांक 29.08.2019 दिन बृहस्पतिवार को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर (रामपुर) में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा प्रारम्भ किये गये "फिट इण्डिया मूवमेन्ट" का सजीव प्रसारण प्रातः 10:00 बजे किया गया। "फिट इण्डिया मूवमेन्ट" कार्यक्रम को देखने के लिए महाविद्यालय के रसायन विज्ञान हॉल में बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएँ, प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें।

भारत सरकार द्वारा "फिट इण्डिया मूवमेन्ट" कार्यक्रम हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर प्रारम्भ किया गया। महाविद्यालय द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दूरदर्शन द्वारा प्रसारित कार्यक्रम को महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को दिखाया गया।

"फिट इण्डिया मूवमेन्ट" कार्यक्रम में बोलते हुये माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा कि आज जरूरत है कि हमारे देश के युवा स्वस्थ रहें। जीवन्त राष्ट्र की स्थापना के लिए जरूरी है कि महाविद्यालयों, स्कूलों एवं संस्थाओं में फिटनेस गतिविधियाँ समय–समय पर होती रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि जब युवा फिट रहेगा तभी तो इण्डिया हिट रहेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) आर0 पी0 यादव, प्रो0 इन्दुभूषण महापात्र, श्रीमती नीलिमा सिंह, डॉ0 हेमन्त कुमार, डॉ० निशा वर्मा, डॉ० शिवओम शर्मा, डॉ० नीत बिहारी लाल, डॉ० अवतार दीक्षिम महाविद्यालय के समारोहक डॉ0 अब्दुल लतीफ, कार्यक्रम संयोजक डॉ0 दिव्यांशु कुमार सिंह, कार्यालय अधीक्षक श्री पी0 एस0 आनन्द, समस्त कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहें।



